# कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) जिला–सूरजपुर (छ.ग.)
## संयुक्त जिला कार्यालय, भूतल कक्ष क्रं–G-3
**Email: actwsurajpur@gmail.com**

क्रमांक /3162/आदि.वि./DMF/न.क्र.48/2023–24 सूरजपुर, दिनांक 11/12/2023

### // चल–साक्षात्कार (Walk-in Interview) की सूचना//

जिला खनिज न्यास संस्थान (DMF) वित्तपोषित, जिला प्रशासन सूरजपुर द्वारा सूरजपुर जिले के प्रतिभावान युवाओं के लिए विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क तैयारी हेतु जिला मुख्यालय पर अरुणोदय करीयर इंस्टीट्यूट नाम से कोचिंग संचालन किया जा रहा है। कोचिंग के बेहतर क्रियान्वयन हेतु निम्नानुसार अतिरिक्त फैकल्टी/शिक्षक की नियुक्ति अस्थायी रूप से प्रति–कालखंड मानदेय आधार पर नियुक्ति हेतु चल–साक्षात्कार/स्कील टेस्ट (Walk-in Interview / Skill Test) **दिनांक 20.12.2023 दिन बुधवार को कार्यालय अरुणोदय करीयर इंस्टीट्यूट** (पता– अग्रसेन चौक, कन्या शाला सूरजपुर के बगल मे) आयोजित किया गया है। इच्छुक उम्मीदवार संलग्न निर्धारित आवेदन प्रारूप मे आवेदन भरकर संबन्धित दस्तावेज की मूल प्रति के साथ उपस्थित हो सकते हैं।

3. **रिक्तियों की संख्या** :– कुल पद एवं विषयवार शिक्षकों की संभावित संख्या निम्नानुसार है, जो आवश्यकतानुसार परिवर्तनीय है :–

| क्र. | पद का नाम | अध्यापन हेतु विषय | पद संख्या | शैक्षणिक योग्यता | निर्धारित मानदेय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | फैकल्टी/शिक्षक | विज्ञान, गणित एवं तार्किक योग्यता | 1 | गणित/विज्ञान/अभियांत्रिकी विषय में स्नातक | रु. 500/– प्रति कालखण्ड अधिकतम मासिक रु. 22000/– |
| 2. | फैकल्टी/शिक्षक | छत्तीसगढ़ सामान्य अध्ययन एवं छत्तीसगढ़ी भाषा | 1 | किसी भी विषय में स्नातक | |

:: **महत्वपूर्ण** ::

चल–साक्षात्कार/स्कील टेस्ट की तिथि :–**दिनांक 20.12.2023, दिन बुधवार दोपहर 11:00बजे**

चल–साक्षात्कार/स्कील टेस्ट का पता :– **कार्यालय अरुणोदय करीयर इंस्टीट्यूट**
अग्रसेन चौक, कन्या शाला सूरजपुर के बगल मे
सूरजपुर (छ.ग.) पिन– 497229

4. **पदों हेतु अनिवार्य शैक्षणिक एवं अन्य अर्हताएँ** :– विज्ञापित पदों हेतु अनिवार्य योग्यता संबंधी विवरण निम्नानुसार है :–

**क. अध्यापन हेतु विषय :– विज्ञान, गणित एवं तार्किक योग्यता**

1. न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ गणित/विज्ञान/ अभियांत्रिकी विषय में स्नातक उत्तीर्ण।
2. संघ लोकसेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा अथवा राज्य लोकसेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा परीक्षा के मुख्य परीक्षा मे सम्मिलित होना आवश्यक है।

**ख. अध्यापन हेतु विषय :– छत्तीसगढ़ सामान्य अध्ययन एवं छत्तीसगढ़ी भाषा**

1. न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ किसी भी विषय में स्नातक उत्तीर्ण।
2. अभ्यर्थी का संघ लोकसेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा अथवा राज्य लोकसेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा परीक्षा के मुख्य परीक्षा मे सम्मिलित होना आवश्यक है।

Scanned with OKEN Scanner

3. **चयन प्रक्रिया :–** चल–साक्षात्कार/स्कील टेस्ट (कुल 100 अंक) में प्राप्त अंकों के मेरिट सूची के आधार पर अभ्यर्थी का चयन समिति द्वारा किया जाएगा। अभ्यर्थी का संघ छत्तीसगढ़ लोकसेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा अथवा राज्य लोकसेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा परीक्षा में मुख्य परीक्षा मे सम्मिलित होना आवश्यक है। संघ लोकसेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा के साक्षात्कार मे सम्मिलित होने की स्थिति मे अभ्यर्थी को अतिरिक्त 20 अंक तथा राज्य लोकसेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा परीक्षा के साक्षात्कार मे सम्मिलित होने की स्थिति मे अभ्यर्थी को अतिरिक्त 10 अंक प्रदान किया जाएगा। राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर आयोजित किसी भी अन्य प्रतियोगी परीक्षा जिसमे न्यूनतम अर्हता स्नातक हो, मे उत्तीर्ण होने की स्थिति मे अभ्यर्थी को अतिरिक्त 05 अंक प्रदान किया जाएगा।

4. **आयु की गणना :–** 01 जुलाई 2023 की स्थिति में न्यूनतम आयु 21 वर्ष और अधिकतम उम्र 45 वर्ष होना चाहिए।

5. **सामान्य निर्देश :–**
   1. फैकल्टी/शिक्षक को प्रति कालखण्ड के आधार पर ही मानदेय का भुगतान किया जाएगा। शासकीय अवकाश एवं किसी अन्य कारण से घोषित अवकाश में मानदेय का भुगतान नहीं किया जाएगा।
   2. फैकल्टी/शिक्षक को एक बार मे अधिकतम 7 दिवस एवं वर्ष मे अधिकतम 15 दिवस ही पूर्व सूचना के संस्था से अनुपस्थित रहने की अनुमति दिया जा सकेगा।
   3. फैकल्टी/शिक्षक से अध्यापन हेतु विषय/विषयों के अलावा आवश्यकतानुसार अध्ययन कराया जा सकेगा, किन्तु प्रतिदिन अधिकतम कालखंड 4 से अधिक नहीं होंगे।
   4. फैकल्टी/शिक्षक को संस्था के प्रभारी/नोडल अधिकारी के आदेशों का पालन करना अनिवार्य होगा।
   5. फैकल्टी/शिक्षक की नियुक्ति केवल जून 2024 तक के लिए मान्य है। फैकल्टी/शिक्षक का विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा मे परिणाम एवं कार्यशैली के आधार पर सेवा मे वृद्धि किया जा सकेगा। फैकल्टी/शिक्षक की सेवाएं बिना कोई कारण बताए किसी भी समय केवल 15 दिनों की पूर्व सूचना देकर समाप्त की जा सकती हैं।
   6. फैकल्टी/शिक्षक को निर्धारित मानदेय के अलावा किसी भी प्रकार की अतिरिक्त भत्ता देय नहीं होगा। फैकल्टी/शिक्षक को किसी प्रकार की व्यवस्था जैसे आवास, भोजन एवं परिवहन की सुविधा जिला प्रशासन द्वारा नहीं प्रदान किया जाएगा।

**सहायक आयुक्त**
आदिवासी विकास सूरजपुर एवं
**नोडल अधिकारी**
जिला–सूरजपुर (छ.ग.)

पृ.क्रं. /3163/ आदि.वि. / DMF / न.क्र.48 / 2023–24 सूरजपुर, दिनांक 11/12/2023

**प्रतिलिपि :–**

1. सहायक संचालक, जनसम्पर्क विभाग, जिला–सूरजपुर (छ.ग.) को सूचनार्थ एवं दैनिक समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशन हेतु।
2. जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी, जिला–सूरजपुर (छ.ग.) को सूचनार्थ एवं सूरजपुर के आधिकारिक वेबसाईट में अपलोड हेतु।

**सहायक आयुक्त**
आदिवासी विकास सूरजपुर एवं
**नोडल अधिकारी**
जिला–सूरजपुर (छ.ग.)

Scanned with OKEN Scanner

# अरूणोदय करियर इन्स्टीट्यूट सूरजपुर में चल साक्षात्कार हेतु आवेदन पत्र–प्रारूप

वर्तमान में खीची गई पास–पोर्ट साईज फोटो ग्राफ चस्पा करें।

प्रति,
सहायक आयुक्त,
आदि.वि.सूरजपुर/नोडल अधिकारी,
अरूणोदय कैरियर इंस्टीट्यूट सूरजपुर (छ0ग0)

1. आवेदित पद/विषय :– ...............................................................
2. अभ्यर्थी का नाम :– ...............................................................
3. पिता का नाम :– ...............................................................
4. दिनांक 01 जुलाई 2023 को आयु :– ...............................................................
5. मोबाईल नंबर :– ...............................................................
6. पूर्ण पता :– ...............................................................
...............................................................

7. **शैक्षणिक अर्हता की जानकारी**

| क्र. | कक्षा/स्नातक | विषय का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | प्रतिशत | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 12 वीं | | | | |
| 2 | स्नातक | | | | |

**8. संघ लोक सेवा आयोग/राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित मुख्य परीक्षा में सम्मिलित होने संबंधी जानकारी**

| क्र. | परीक्षा में सम्मिलित वर्ष | संबंधित परीक्षा का विवरण | रोल नं. | साक्षात्कार में सम्मिलित होने संबंधी जानकारी (हाँ/नहीं) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | | | | |
| 2 | | | | |

**9. राष्ट्रीय/राज्य स्तर पर आयोजित किसी भी अन्य प्रतियोगी परीक्षा जिसमें न्यूनतम अर्हता स्नातक हो में उत्तीर्ण होने संबंधी जानकारी**

| क्र. | परीक्षा में सम्मिलित वर्ष | संबंधित परीक्षा का विवरण | रोल नं. | साक्षात्कार/चयन में सम्मिलित होने संबंधी जानकारी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | | | | |
| 2 | | | | |

**–: अभ्यर्थी द्वारा घोषणा पत्र :–**

प्रमाणित किया जाता है कि उक्त आवेदन पत्र में क्र 01 से लेकर क्र.09 तक मेरे द्वारा भरी गई जानकारी सत्य एवं सही है। मेरे द्वारा गलत अथवा भ्रामक जानकारी भरे जाने/पाये जाने पर मेरा/मेरी अभ्यर्थिता समाप्त किया जा सकेगा।

दिनांक :–

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर

स्थान :–

नाम :–

Scanned with OKEN Scanner